एनएफ-12012(26)/1/2026-स्था-एनएफआरए

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण

NATIONAL FINANCIAL REPORTING AUTHORTY

****

7वीं & 8 वीं मंजिल, हिंदुस्तान टाइम्स हाउस

कस्तूरबा गांधी मार्ग ,नई दिल्ली 110001

दिनांक 03 **सितंबर,2026**

सेवा में,

1. **भारत सरकार के सभी मंत्रालय /विभाग**
2. **सभी राज्य सरकारें /संघ राज्य सरकारें**

विषय :राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर वरिष्ठ निजी सचिव और निजी सचिव के पदों को भरा जाना ।

महोदया /महोदय,

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), नई दिल्ली कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 132 के तहत एक सांविधिक निकाय है । एनएफआरए को उच्च गुणवत्ता के लेखांकन और लेखा परीक्षा मानक स्थापित करके, कंपनियों और कॉर्पोरेट निकायों द्वारा किए गए लेखांकन कार्यों और लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए लेखा परीक्षा कार्यों की निगरानी रखते हुए, कंपनियों और कॉर्पोरेट निकायों के निवेशकों ,लेनदारों और अन्य सम्बद्ध व्यक्तियों के सार्वजनिक हितों की रक्षा करने के लिए स्थापित किया गया है ।

2. यह प्राधिकरण अपने इस मुख्यालय, नई दिल्ली में **अनुलग्नक-I** में दिए विवरण के अनुसार प्रारंभ में तीन साल की अवधि के लिए केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अधिकारियों से पदों को भरने का प्रस्ताव रखता है । (https://nfra.gov.in./deputation/) ।

3. अनुरोध है की आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र (**अनुलग्नक-II**) में भरकर पिछले 05 वर्षों के एसीआर / एपीएआर की साक्ष्यांकित प्रतियों के साथ और उन पात्र अभ्यर्थियों की संवर्ग क्लियरेन्स और विजिलेन्स क्लियरेन्स के साथ अग्रेषित किए जाए ताकि चयन किए जाने की स्थिति में उनकी सेवाएं तत्काल इस प्राधिकारण को मिल सकें । उक्त पद पर चयन होने की स्थिति में, आवेदकों को अपने आवेदन- पत्र वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. आवेदन- पत्र एक लिफ़ाफ़े में जिस पर "**एनएफआरए में ---------- के पद के लिए आवेदन-पत्र**" लिखा हो, उचित माध्यम से दिए गए पते पर भेजा जाना चाहिए और **उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण, 7 वां तल, हिंदुस्तान टाइम्स हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग नई दिल्ली -110001 को** संबोधित किया जाना चाहिए ताकि

आवेदन- पत्र रोजगार समाचार में इस रिक्ति नोटिस के विज्ञापन की तिथि से दो महीने तक अथवा उससे पहले इस कार्यालय को पहुँच जाना चाहिए । आवेदन-पत्र की अग्रिम प्रति निर्धारित दस्तावेजों के साथ ईमेल आईडी manager-2@nfra.gov.in पर भेजी जाए । (नोट :यदि इस नोटिस में कोई बदलाव होता है तो उसे एनएफआरए की वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा। रुचि रखने वाले अधिकारियों से अनुरोध किया जाता है कि एनएफआरए की वेबसाइट nfra.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें)।

मृत्युंजय सिंह

(मृत्युंजय सिंह)
उप महाप्रबंधक

संलग्न : यथोपरि

प्रतिलिपि :

1. निदेशक (प्रशासन), कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग को प्रति इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट के **भारत सरकार के सेक्शन में मंत्रालय /विभाग/संगठन के रिक्ति अधिसूचना** के लिए प्रस्तुत करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें ।
2. अवर सचिव [सीएस-1 (पी)] कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग को प्रति इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट के **व्हाट्स न्यू** सेक्शन पर व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए प्रस्तुत करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें ।
3. आई टी टीम,एनएफआरए को प्रति इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को एनएफआरए की वेबसाइट ,एनएफआरए के सोशल मीडिया हैंडलस और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए व्यवस्था करने का कष्ट करें ।

अनुलग्नक -I

<u>एनएफआरए में भरे जाने वाले पदों का विवरण</u>

क्रम संख्या	पदों का नाम	रिक्तियों की संखया	मूल वेतन	पात्रता का	शैक्षिक योग्यताएं
1.	वरिष्ठ निजी सचिव	03	लेवल -08 (रू47600-105900)	**प्रतिनियुक्ति के लिए (अल्पकालीन संविदा सहित):**केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अधिकारी : (i) पे मेट्रिक्स में लेवल 08 (र47600-151100) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में नियमित सेवा की हो अथवा समकक्ष । (ii) पे मेट्रिक्स में लेवल 07 (र44900-142400) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में न्यूनतम **04** वर्ष की नियमित सेवा की हो अथवा समकक्ष । **प्रतिनियुक्ति/अल्पकालीन संविदा के लिए आयु सीमा** प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को **56** वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।	**अनिवार्य :** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक या समकक्ष । **वांछनीय :** (i)नियामक प्राधिकरण या सांविधिक निकायों या अन्य सरकारी संस्थानों में कार्य करने का अनुभव ।
2.	निजी सचिव	01	लेवल- 07 (रू 44900-99800)	**प्रतिनियुक्ति के लिए (अल्पकालीन संविदा सहित):** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अधिकारी : (i)पे मेट्रिक्स में लेवल 07 (र44900-142400) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में नियमित सेवा की हो अथवा समकक्ष ।	**अनिवार्य :** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष। **वांछनीय :** नियामक प्राधिकरण या सांविधिक निकायों या अन्य सरकारी संस्थानों

				(ii) पे मेट्रिक्स में लेवल 06 (35400-112400) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद, उस ग्रेड में न्यूनतम **04 वर्ष** की नियमित सेवा की हो । **प्रतिनियुक्ति/अल्पकालीन संविदा के लिए आयु सीमा** प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को **56 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए ।	में कार्य करने का अनुभव ।

नोट :

1. एनएफआरए के पास सभी पदों को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित है। आगे प्राधिकारी के पास भरे जाने वाले पदों की संख्या बढ़ाने या कम करने का अधिकार भी सुरक्षित है ।
2. चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा -सह -साक्षात्कार शामिल किया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में जो भी सही हो, संशोधन करने का अधिकार एनएफआरए के पास सुरक्षित है।
3. एनएफआरए के पास इस विज्ञापन को किसी भी आधार पर पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से रद्द करने का भी अधिकार सुरक्षित है ।
4. प्रतिनियुक्ति या अल्पकालीन संविदा की अवधि में, इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित उसी विभाग अथवा किसी दूसरे एक्स कैडर पोस्ट में अथवा किसी दूसरे संगठन या केंद्र सरकार के किसी विभाग में प्रतिनियुक्ति /अल्पकालीन संविदा की अवधि शामिल करते हुए सामान्यतः 03 वर्ष से अधिक नहीं होगी । इसे आगे **02 वर्ष** के लिए इस तरह से बढ़ाया जा सकता है कि प्रतिनियुक्ति या अल्पकालीन संविदा की अधिकतम अवधि **05** वर्ष से अधिक नहीं हो ।
5. प्रतिनियुक्ति /अल्पकालीन संविदा आधार पर नियुक्त कर्मचारी अपने पद का वेतन या अपने पैतृक संवर्ग का वेतन प्रतिनियुक्ति भत्ता सहित प्राप्त करने का चयन कर सकते है ।
6. सभी मामलों में एनएफआरए का निर्णय अंतिम निर्णय होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा ।
7. आगे किसी अधिक जानकारी के लिए एनएफआरए की वेबसाइट :https://nfra.gov.in ।

एनएफआरए में रिक्तियों के लिए आवेदन -पत्र **अनुलग्नक -II**

पद जिसके लिए आवेदन किया गया :वरिष्ठ निजी सचिव /निजी सचिव

(कृपया टिक करें)

प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र

आवेदक का हाल ही खिचा हुआ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ

क्रम संख्या	**विवरण**	**आवेदन कर्ता द्वारा भरे जाने वाला विवरण**
1.	आवेदक का नाम	
2.	वर्तमान पदनाम	
3.	संगठन का नाम जिसमें सेवारत है :	
4.	अधिकारी,निम्न में से किस प्रकार के संगठन में सेवारत है : केंद्र सरकार /राज्य सरकार /संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें।	
5.	वह सेवा जिससे अधिकारी संबंध रखता है	
6.	संपर्क विवरण: कार्यालय का पता : ईमेल : मोबाइल नं : दूरभाष नं :	
7.	संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी का नाम, पदनाम, ईमेल आईडी. और फोन नं	
8.	यदि चयन कर लिए जाते हो,कार्य मुक्त करने वाले प्राधिकारी का नाम, पदनाम, ईमेल, आईडी, और दूरभाष नं ।	
9.	क्या वर्तमान में प्रतियुक्ति पर है ? यदि हाँ, तारीख जिससे प्रतिनियुक्ति पर हैं : संगठन का नाम जिसमें प्रतिनियुक्ति पर हैं: पदनाम जिस पर प्रतिनियुक्ति पर है :	
10.	जन्म- तिथि (जन्म तिथि का प्रमाण संलग्न करें):	

11.	जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके आवेदन- पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को पद के लिए अनुज्ञेय आयु सीमा	आवेदन-पत्र के प्राप्त होने की अंतिम तारीख को आवेदनकर्ता की आयु
12.	जहां अधिकारी सेवारत है, वहाँ लागू सेवा नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख	
13.	**शैक्षणिक अर्हता** *	
	अनिवार्य शैक्षिक योग्यता जो पद के लिए आवश्यक है	आवेदनकर्ता द्वारा प्राप्त शैक्षणिक अर्हता (स्वयं साक्ष्यांकित सपोर्टिंग दस्तावेज संलग्न करें)।
	किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक डिग्री	
	उक्त पद के लिए उल्लिखित वांछनीय योग्यता	आवेदनकर्ता द्वारा प्राप्त शैक्षणिक अर्हता (स्वयं साक्ष्यांकित सपोर्टिंग दस्तावेज संलग्न करें)।
	नियामक प्राधिकरण या सांविधिक निकायों या अन्य सरकारी संस्थानों में कार्य करने का अनुभव	
14.	जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए आवश्यक न्यूनतम सेवा अवधि / ग्रेड	जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए आवेदक की वास्तविक सेवा का विवरण (संबंधित ग्रेड में नियुक्ति की तारीख सहित)दिया जाए ।
	वरिष्ठ निजी सचिव (i) पे मेट्रिक्स में लेवल 08 (₹47600-151100) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद, उस ग्रेड में नियमित सेवा की हो अथवा समकक्ष (ii) पे मेट्रिक्स में लेवल 07 (₹44900-142400) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में न्यूनतम **04** वर्ष की नियमित सेवा की हो अथवा समकक्ष । **निजी सचिव** (i)पे मेट्रिक्स में लेवल 07 (₹44900- 142400) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद उस ग्रेड में नियमित सेवा की हो अथवा समकक्ष या	

	(ii) पे मेट्रिक्स में लेवल 06 (35400- 112400) में नियमित आधार पर नियुक्ति होने के बाद, उस ग्रेड में न्यूनतम **04 वर्ष** की नियमित सेवा की हो।	
	नियमित आधार (अर्थात- मूल आधार) पर आहरित वेतनमान /वेतन लेवल	
	तारीख जिससे नियमित आधार (अर्थात- मूल आधार) पर उक्त लेवल में सेवा की गई ।	
15.	आवेदक ने जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए अपनी उपयुक्तता की सपोर्ट में कोई अन्य सूचना प्रस्तुत करना चाहेगा ।	
16.	पिछले 05 वर्ष की एपीएआर की साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें ।	
17.	विजिलेन्स क्लियरेन्स की प्रति संलग्न करें ।	
18.	100 शब्दों में उद्देश्य का विवरण	

नोट :कृपया आवेदन-पत्रों के पूरे सेट की पृष्ठ संख्या और संलग्न दस्तावेजों का सूचकांक मुहैया करने का कष्ट करें ।

*कृपया अपने आवेदन-पत्र की सपोर्ट में अपनी शैक्षणिक अर्हता और अनुभव की प्रति संलग्न करें जैसाकि आवेदन किए जाने वाले पद के लिए आवश्यक है ;

**आवेदन पत्र अग्रेषित करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है ।

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं ।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण आवेदक के सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित किए गए हैं और सही पाए गए हैं ।

आवेदन- पत्र अग्रेषित करने वाले संगठन के

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मोहर

दिनांक

आवेदन- पत्र अग्रेषित करने वाले संगठन के